हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 4 जून 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 मोर गांव मोर पानी महा अभियान के अंतर्गत 4 दिवसीय ...



10 भूपेश ने कहा- कांग्रेस भवन में घुसकर उपद्रव...



खबर संक्षेप

## सरपंच ने 100 रक्तदान करने का लिया संकल्प



**बेमेतरा/नारायणपुर।** ग्राम पंचायत नारायणपुर के सरपंच बिसाहू राम साहू जिनका ब्लड ग्रुप बी पाज़िटिव है, जिन्होंने निस्वार्थ भाव से अब तक 22दफा लोगों को रक्तदान किया है, इन्होंने रक्तदान कर अलख जगाकर मानव समाज को प्रेरित करतें हुए 100 बार रक्तदान करने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि मानव समाज को संदेश देते हुए कहा कि मानवता की रक्षा के लिए रक्त का दान करने और लोगों की जीवन बचाएं। एक बैंग खुन किसी को मर रहे हुए व्यक्ति को वापस ला सकता है, खून का संबंध किसी भी चीज से ज्यादा मजबूत होता है, इसलिए समय-समय पर हम सभी को किसी जरूरतमंद को रक्तदान करना बड़ी सौभाग्य की बात होती है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जरूरतमंद व्यक्ति के लिए हमेशा हमें रक्तदान करना चाहिए, जिससे व्यक्ति को समय पर रक्तदान मिल सके जिससे उसकी जिंदगी समय पर बच सके इसलिए हमें सभी जरुरतमंद लोगों को समय पर रक्तदान करना चाहिएं जिससे उसका भला हो सके।

## जिला कलेक्ट्रेट के पास में नए शराब दुकान खोलने का विरोध

**बेमेतरा।** जिला कलेक्ट्रेट के पास वार्ड क्रमांक 9 एवं 10 की सरहद में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेमेतरा जिले के लिए प्रारंभ की जा रही प्रीमियम शराब दुकान खोले जाने को लेकर बेमेतरा नगर पालिका परिषद के पार्षद अखिलेश मिंटा नामदेव एवं नीलम टंडन ने मोर्चा खोल दिया है। पार्षद मिंटा नामदेव का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे रहवास कॉलोनी है साथ ही साथ जिला कलेक्ट्रेट एवं बेमेतरा जिले के एकमात्र पीजी कॉलेज एवं निजी विद्यालय भी व्यवस्थित है ऐसे में प्रीमियम शराब दुकान का यहां पर खोला जाना वार्ड वासियों के लिए एवं नागरिकों के लिए एक खतरा है क्योंकि राष्ट्रीय राजमार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है लगभग 1 किलोमीटर दूरी पर ही पहले से ही देसी एवं विदेशी मदिरा शराब दुकान खुली हुई है ऐसे में प्रशासन का इसी वार्ड में दूसरी दुकान खोलने का निर्णय समझ से परे है नागरिकों को परेशान करने वाला है। सड़क पर शराब दुकान खोलने से महिलाओं एवं बच्चों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता की आसपास में जो एक सभ्य वातावरण बना हुआ है वहां पर चखना दुकान का अंबार लग जाए साथ ही साथ चखना दुकान की आड़ में लोग सड़क के किनारे ही प्रीमियम शराब का आनंद लेने लग जाए ऐसे में प्रीमियम शराब दुकान को बेमेतरा नगर पालिका क्षेत्र के किसी अन्यत्र स्थान पर खोला जाना उचित होगा अन्यथा वार्ड वासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। पार्षद अखिलेश (मिनटा)नामदेव ने कहा कि ज्यादा अच्छा होता कि प्रशासन प्रीमियम शराब दुकान की जगह शिक्षा अथवा चिकित्सा से संबंधित कोई संस्थान यहां पर खोलना जिससे आम जनता लाभान्वित होती जबकि शराब जैसी दुकानों का खोल जाना निश्चित ही समाज को बर्बाद करता है लोगों के घरों को बर्बाद करते हैं अनेकों जिंदगियां शराब के नशे में तबाह हो जाती है।

## सेक्टर-1 में हुए सड़क हादसे में महिला की मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। भट्ठी पुलिस ने बताया कि क्वाटर नंबर 22/3 सडक एवेन्यु बी सेक्टर 1 निवासी हैडिसन को कार सीजी 07 एडब्लू 9621 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए।

# प्रशासन-जनता का श्रमदान, तालाबों से हैंडपंप तक स्वच्छता का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जल संरक्षण को लेकर जन-जागरूकता बढ़ाने एवं प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बेमेतरा प्रशासन द्वारा एक पहल की गई। इस कार्यक्रम में जनसमुदाय, स्वच्छता समूहों के सदस्य, अधिकारी और कर्मचारीगण सक्रिय रूप से शामिल हुए।

कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं सीईओ जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 एवं जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में जल संरचनाओं के आसपास व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्थित तालाबों, हैंडपंपों, नालियों एवं सोकपिट्स के आसपास श्रमदान के माध्यम से सफाई की गई। यह अभियान केवल स्वच्छता तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि इसके माध्यम से लोगों को जल स्रोतों की महत्ता, स्वच्छता के प्रभाव एवं जल संरक्षण की आवश्यकता के प्रति भी जागरूक किया गया। इस अभियान में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, स्वच्छता समूह, स्वयंसेवी संगठन, जनप्रतिनिधि, शाला छात्र एवं प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए। सभी ने सामूहिक श्रमदान करते हुए यह संदेश दिया कि जल स्रोतों की स्वच्छता केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है। यह अभियान केवल एक दिवस की गतिविधि नहीं बल्कि एक सतत प्रयास का हिस्सा है। स्वच्छ और सुरक्षित जल सुनिश्चित करने के लिए हमें सामूहिक रूप से मिलकर कार्य करना होगा।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर चल रहें व्यापक स्वच्छता अभियान



### जिले में जल संरक्षण को लेकर सक्रिय प्रयास

सीईओ जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल ने कहा कि "स्थानीय जल स्रोतों को स्वच्छ एवं उपयोग योग्य बनाए रखने के लिए ग्राम स्तर पर ऐसे अभियान समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे। इससे ग्रामीणों में जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी और जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप मिलेगा। जिला प्रशासन की इस पहल से यह स्पष्ट होता है कि जिले में जल संरक्षण को लेकर योजनाबद्ध और सक्रिय प्रयास किए जा रहे हैं। यह अभियान एक सशक्त उदाहरण है कि प्रशासन और जनता मिलकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठा सकते हैं। जल स्रोतों की सफाई के माध्यम से न केवल स्वच्छता को बढ़ावा मिला, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को संरक्षित रखने की दिशा में एक प्रभावी पहल सिद्ध हुई है।

## दो बार बदला गया सरकारी आमंत्रण कार्ड, जनप्रतिनिधियों के नाम जोड़ने पड़े

# जल-वन-जन कार्यक्रम पर आमंत्रण पत्र विवाद: बेमेतरा में प्रशासनिक लापरवाही और राजनीतिक असंतुलन उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में 5 जून आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय जल-वन-जन अभियान कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक लापरवाही और राजनीतिक असंतुलन एक बार फिर सामने आ गया। इस बार विवाद की जड़ बना एक सरकारी आमंत्रण पत्र, जिसे दूसरी बार बदलना पड़ा।


कार्यक्रम के लिए पहला आमंत्रण पत्र जब जारी हुआ, तो उसमें बड़े नेताओं को प्रमुखता दी गई थी। जिसमें बतौर मुख्य अतिथिः वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप अध्यक्षता दयालदास बघेल खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री,अति विशिष्ट अतिथिः सांसद विजय बघेल,विशिष्ट अतिथिः विधायक दीपेश साहू (बेमेतरा), विधायक ईश्वर साहू (साजा) लेकिन भाजपा के ही जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष हेमा जय दिवाकर और नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा जैसे स्थानीय निर्वाचित पदाधिकारियों के नाम इस कार्ड में नहीं थे। इससे भाजपा कार्यकर्ताओं और संगठन ने विरोध जताया कि स्थानीय निकायों को ही हाशिये पर रखकर किस तरह का 'जन' कार्यक्रम किया जा रहा है? हर बार किसी न किसी जनप्रतिनिधि का नाम हटने या छूटने के कारण। भाजपा के ही निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने जमकर नाराजगी जाहिर की और इसे 'लोकतांत्रिक मर्यादा का उल्लंघन' करार देते हुए आरोप लगाया कि प्रशासन चुनकर आए जनप्रतिनिधियों को नजरअंदाज कर अफसरशाही चला रहा है।

### पहले कार्ड में बड़े चेहरे, लेकिन स्थानीय प्रतिनिधि गायब, मचा बवाल



जल - वन - जन
विश्व पर्यावरण दिवस
दिनांक - 05/06/2025

### प्रदेश संगठन की फटकार के बाद दूसरी बार छपा निमंत्रण पत्र



जल - वन - जन
विश्व पर्यावरण दिवस
दिनांक - 05/06/2025

### दूसरे कार्ड में सबको जोड़कर घटी साख बचाने की कोशिश

लगातार हो रही फजीहत के बाद अंततः दूसरी बार सरकारी कार्ड बदला गया। इस बार सभी नाम शामिल किए गए- मंत्री, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष और नगर पालिका अध्यक्ष सभी को स्थान मिला। लेकिन तब तक यह घटना प्रशासन की लपक्षपाती कार्यशैली और संकुचित दृष्टिकोण का उदाहरण बन चुकी थी।

### दूसरे कार्ड में सांसद बघेल का नाम हटा

पहले विरोध के बाद प्रदेश से भाजपा संगठन की ओर से प्रशासन को स्पष्ट फटकार लगी। जवाब में प्रशासन ने दूसरा कार्ड जारी किया। ओर जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष का नाम जोड़ा गया लेकिन दूसरी बार छपे कार्ड से सांसद विजय बघेल का ही नाम नदारद कर दिया गया। इससे भाजपा कार्यकर्ताओं की नाराजगी और बढ़ गई। सोशल मीडिया में भी इसको लेकर कई सवाल खड़े हुए क्या यह भूल थी या रणनीति? क्या केवल विधायकों की चल रही है, सांसद को क्यों हटाया गया, स्थानीय पदाधिकारियों के साथ यह दोहरा रवैया क्यों?

### भाजपा का तीखा हमला– अफसरशाही हावी

भाजपा नेताओं ने इसे जनप्रतिनिधियों का अपमान बताया। पार्टी पदाधिकारियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि अगर ऐसे ही निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को दरकिनार किया जाएगा, तो यह लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। प्रशासन को यह समझना चाहिए कि अधिकारी बदलते रहते हैं, लेकिन जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि जनता की आवाज़ होते हैं।

### स्थानीय प्रतिनिधियों की नाराज़गी भी सतह पर

सूत्रों के अनुसार, आमंत्रण पत्र में नाम नहीं होने से जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना तिवारी और जनपद अध्यक्ष हेमा दिवाकर,नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के समर्थकों व पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अंतर्मन से नाराजगी जताई। ओर उन्होंने अनौपचारिक बातचीत में कहा कि जब स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम होता है, तो जनप्रतिनिधियों को सम्मान देना ही लोकतांत्रिक परंपरा है।

### विश्लेषण: यह मामला आमंत्रण पत्र से आगे का है

यह विवाद केवल एक आमंत्रण पत्र तक सीमित नहीं है।यह प्रशासन और राजनीति के बीच संतुलन, जनप्रतिनिधियों के सम्मान और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की गंभीरता से जुड़ा मामला है। अब देखना यह होगा कि आने वाले आयोजनों में प्रशासन कितना संवेदनशील और समन्वयशील रहता है।

## पारिवारिक विवाद : बंटवारे को लेकर बेटे ने की पिता की हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साजा थाना क्षेत्र अंतर्गत जगन्नाथपुर गांव में मंगलवार को पारिवारिक विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। बेटे ने जमीन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में अपने ही पिता की बांस के डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। साजा पुलिस ने महज कुछ घंटों में आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना सोमवार सुबह करीब 7:30 से 8:00 बजे के बीच की है। मृतक गुलाब जोशी (उम्र लगभग 60 वर्ष) अपने घर के बाहर परछी में खड़ा था, तभी उसका बेटा मीनाराम जोशी (उम्र 29 वर्ष) पहुंचा और तीन एकड़ पुश्तैनी जमीन में से डेढ़ एकड़ जमीन की मांग करने लगा। पिता ने जमीन देने से इनकार कर दिया, जिससे नाराज होकर मीनाराम ने अपने पास रखे बांस के डंडे से गुलाब जोशी पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गुलाब जोशी के सिर, पीठ, सीने और दाहिने हाथ की कोहनी पर गंभीर चोटें आईं, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वारदात के बाद गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही प्रार्थी पवन बंजारे ने थाना साजा पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी साजा के नेतृत्व में टीम गठित कर तत्काल दबिश दी गई। पुलिस टीम ने कुछ ही घंटों में आरोपी मीनाराम जोशी को हिरासत में ले लिया।

■ साजा पुलिस ने आरोपी को चंद घंटों में किया गिरफ्तार

### पूछताछ में स्वीकार किया जुर्म

पूछताछ के दौरान मीनाराम ने अपना अपराध कबूल किया। उसने बताया कि जमीन न देने की बात पर गुस्से में आकर उसने अपने पिता पर जानलेवा हमला किया। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त बांस का डंडा एवं अन्य साक्ष्य जब्त किए गए हैं।

### पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई सराहनीय

इस मामले में साजा थाना की पुलिस टीम सहायक उप निरीक्षक संतोष ध्रुर्वे, बनवाली सोनकर, प्रधान आरक्षक पवन सिंह राजपूत, चंद्रशेखर, गौरी शंकर शर्मा, आरक्षक रामानुज जायसवाल, अमित सिंह, अर्जुन ध्रुर्वे, रामकुमार भारती, राजू यादव की त्वरित कार्रवाई सराहनीय रही।

# समय-सीमा बैठक में कलेक्टर बोले-जनसेवा को दें सर्वोच्च प्राथमिकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में विभिन्न विभागों के कामकाज की समीक्षा की गई और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

■ समाधान शिविरों की सफलता पर दी बधाई, वय वंदन और स्वामित्व योजना में लापरवाही पर जताई सख्ती

कलेक्टर श्री शर्मा ने सभी जिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुशासन तिहार 2025 के तहत आयोजित समाधान शिविरों के सफल आयोजन और प्राप्त आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए बधाई एवं धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जनसेवा का यह कार्य जनता के विश्वास को मज़बूत करता है। श्री शर्मा ने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी ज़िम्मेदारी को पूरी निष्ठा और लगन से निभाएं और जनहित के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

उन्होंने युक्तियुक्तकरण एवं वय वंदन योजना की प्रगति की जानकारी ली और कहा कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों के वय वंदन कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### समय-सीमा में पूर्ण करें स्वामित्व चार्ट: कलेक्टर

कलेक्टर ने स्वामित्व योजना की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने तहसीलदारों से कहा कि वे स्वामित्व चार्ट तैयार कराकर समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि स्वामित्व कार्ड केवल एक दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण जनता के अधिकारों और आत्मनिर्भरता का प्रमाण है। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों से इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

### बिलों का जल्द भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश

श्री शर्मा ने विभिन्न शासकीय कार्यालयों के लंबित विद्युत बिलों के भुगतान की समीक्षा करते हुए संबंधित ▶▶| शेष पेज 10 पर

## सोना-चांदी के जेवरात पार करने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर सामान पार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय नगर हाउसिंग बोर्ड कालोनी उमदा निवासी भावना तिवारी परिवार के साथ बनारस गए हुए थे। अज्ञात ने मकान में घुसकर आलमारी का लाक खोलकर सोना चांदी के जेवरात पार कर लिया था। शिकायत के बाद पुलिस आरोपी की खोजबीन करना शुरु किया। सूचना पर पुलिस ने पीएम आवास उम्दा निवासी मोहन सागर को पकड़ा गया।

# बेमेतरा में दो दिवसीय आम महोत्सव का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला प्रशासन एवं उद्यानिकी विभाग बेमेतरा के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय आम महोत्सव का आज शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा, सहायक संचालक उद्यानिकी हितेन्द्र मेश्राम, अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, नागरिक उपस्थित रहे।

कृषि उपज मंडी प्रांगण में 3 से 4 जून तक चलने वाले इस महोत्सव में आम की 27 प्रजातियों के साथ ही आम से बने विभिन्न व्यंजन एवं पेय पदार्थों का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र है। विधायक श्री साहू ने महोत्सव का भ्रमण कर सभी प्रजातियों और व्यंजनों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सेल्फी पॉइंट पर तस्वीरें खिंचवाईं और फलों के राजा आम का स्वाद चखते हुए आम की खरीदारी भी की। ▶▶| शेष पेज 10 पर



### अपनी उपज और व्यंजनों का प्रदर्शन कर रहे हैं कृषक: मेश्राम

सहायक संचालक उद्यानिकी हितेन्द्र मेश्राम ने बताया कि आम महोत्सव में जिले के कृषक निःशुल्क रूप से अपनी उपज और व्यंजनों का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, स्वसहायता समूह की महिलाएं और जिलेवासी इस महोत्सव में आकर सामग्री का अवलोकन कर सकते हैं। आम महोत्सव प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने और महोत्सव का लाभ उठाने की अपील की है।

## पचमढ़ी एडवेंचर कैम्प में स्काउट्स ने सीखा आपदा प्रबंधन तकनीक

# एडवेंचर कैंप में जेवरा के छात्रों ने किया बेमेतरा का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य मुख्य आयुक्त सोमनाथ यादव तथा राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार तथा जिला मुख्य आयुक्त प्रणीश रजक व जिला शिक्षा अधिकारी जिला आयुक्त डॉ कमल कपूर बंजारे के मार्गदर्शन में भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पर्वतारोहण व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर पचमढ़ी म प्र में दिनांक 28 मई से 2 जून 2025 तक आयोजित किया गया। जिसमें बेमेतरा जिले से 20 सदस्यीय टीम ने सक्रिय सहभागिता की।

जिले के वरिष्ठ स्काउट्स मास्टर उद्धव साहू ने बताया कि राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान पचमढ़ी म प्र में आयोजित साहसिक कार्यक्रम में बेमेतरा जिले के 09 स्काउट्स 09 गाइड्स एवं दो प्रभारी शिक्षक सहित 20 सदस्यीय दल को जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, एसपी कोशले सहा नोडल अधिकारी, भूपेंद्र कुमार साहू सहायक परियोजना अधिकारी ने कैम्प की सफलता के लिए शुभकामनाओं के साथ रवानगी दी।



### आपदा प्रबंधन तकनीक की दी गई जानकारी

पचमढ़ी के सतपुड़ा पर्वत पर स्काउट्स गाइड्स दल द्वारा प्रकृति की विविधता अनेक औषधीय पेड़, टाइगर रिजर्व का अध्ययन किये। शिविर में प्रतिभागियों को प्रतिदिन विविध आपदा प्रबंधन तकनीक जैसे रॉक क्लाइबिंग, रोप-वे क्रॉस, जिप लाइन रोप साइकिलिंग, शुटिंग, आर्चरी तथा नौकाविहार की जानकारी दी गई, जो कठिन परिस्थितियों में भी जीवन रक्षक व आपातकाल में सेवा किया जा सके।

### दर्शनीय स्थलों का किया अवलोकन

पर्वतारोहण में जिले के स्काउट्स गाइड्स दल ने सतपुड़ा पर्वत पर प्रकृति की सुन्दरतम स्थल बी-फॉल, म्युजियम राजेन्द्र गिरि सतपुड़ा के उच्चतम शिखरों तथा धार्मिक महत्व के स्थान जटाशंकर, चौरागढ़ गुप्तेश्वर महादेव जी के दर्शनीय स्थलों का अवलोकन किया। इस राष्ट्रीय स्तर के साहसिक शिविर में शास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा से संजना साहू, नेहा साहू, पिन्टू दास खरे और हेमराज गेन्ड्रे ने उल्लेखनीय सहभागिता कर विद्यालय के लिए उपलब्धि हासिल की। संस्था के स्काउट्स गाइड्स दल की उपलब्धियों के लिए प्रभारी शिक्षिका गाइड केप्टन नीता साहू सहित सहित प्रतिभागी छात्रों को प्राचार्य सोमेश्वर देवांगन ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

## खबर संक्षेप

### विधायक निधि से बनेगा अतिरिक्त कक्ष

**दुर्ग।** परगना ढीमर समाज के भवन में विधायक निधि से अतिरिक्त कक्ष बना गया है। जिसका आज विधायक गजेन्द्र यादव ने समाज के वरिष्ठजनों के साथ लोकार्पण किये। विधायक गजेन्द्र से समाज के नागरिकों ने वार्ड भ्रमण के दौरान मांग किये थे, जो सिर्फ छह माह में पूरी हो गई। इस दौरान उपस्थितजनों को विधायक गजेन्द्र ने समाज के विकास हेतु शासन द्वारा उनके उत्थान हेतु कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने जानकारी दिए। विधायक ने कहा समाज का भवन उनके आर्थिक, सामाजिक एवं जनचेतना का केन्द्र होता है। भवन में शादी ब्याह, सामाजिक एवं सुख दुख के सभी प्रकार के आयोजन होंगे। उन्होंने समाज के युवक युवतियों से शिक्षा के क्षेत्र आगे बढ़ने प्रेरित किये। ढीमर समाज के पदाधिकारी द्वारा किये गए मांग सिर्फ छह माह में पूरी होने पर उन्होंने जोरदार स्वागत किये और सरकार का आभार जताये। समाज के विकास को लेकर चर्चा किये। इस दौरान समाज के अध्यक्ष दासु ढीमर, राजकुमार ढीमर, जगमोहन ढीमर, दिलीप ढीमर, कमलेश फेकर, टूमन ढीमर, महेश सार्वा, किशोर अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

### बच्चों और महिलाओं को मिलेगा बेहतर पोषण



**दुर्ग।** विकास खण्ड के सिरसा खुर्द वार्ड क्रमांक 9 में नवीन आंगनबाड़ी का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक प्रतिनिधि प्रेमसागर चतुर्वेदी, दुर्ग जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र यादव, परियोजना अधिकारी उषा झा, जनपद सदस्य संतोष निषाद एवं रजनी साहू, लक्ष्मी कुंभकार, ग्राम पंचायत सिरसा खुर्द की सरपंच भुवनेश्वरी कुर्रे, जिला कार्यकारिणी सदस्य सच्चिन राजपूत एवं आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक ममता साहू उपस्थिति रही। मुख्य आतिथ्य ने कहा, नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र से क्षेत्र के बच्चों एवं महिलाओं को बेहतर पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं एवं पूर्व प्राथमिक शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होंगी।

# हितग्राहियों के परिवार को काम, बाकी जॉब कार्डधारी कहां जाएं?

## सामान्य सभा में मनरेगा, जल जीवन मिशन और धान के मुद्दे में घिरे अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिला पंचायत के सामान्य सभा में कांग्रेस सदस्यों ने सत्तापक्ष को कटघरे में खडे कर दिया। सभा में मनरेगा के तहत काम नही मिलने का मामला गर्माया रहा, सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी ने कहा, पीएम आवास के हितग्राहियों के परिवार को रोजगार मिल रहा है तो शेष जाब कार्डधारी परिवार कहां रोजगार के लिए जाएंगे, इसके आलावा जल जीवन मिशन और धान उठाव नही होने का मुद्दा भी सभा में गर्माया रहा।

सदस्यों ने मनरेगा के कार्यों में मानव दिवस सृजन का लक्ष्य बढ़ाने का प्रस्ताव रखा, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री व पाटन विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने कहा कि, मनरेगा में सभी जाब कार्डधारी को अनिवार्य रूप से रोजगार मिलना चाहिए। जबकि अधिकांश मनरेगा मजदूरों रोजगार ही नहीं मिल रहा है। जिन्हें रोजगार उपलब्ध कराने मानव दिवस बढ़ाने का प्रस्ताव लिया गया। विधायक प्रतिनिधि आशोक साहू ने धान संग्रहण केन्द्र में भंडारण व उठाव की जानकारी मांगी। लेकिन जिम्मेदार अफसर गायब रहे, जबकि उपस्थित कर्मचारी जवाब ने दे पाए। उन्होंने पीएचई द्वारा पाइप लाइन डालने सड़क किनारे खोदे गए गड्ढो को सही ढंग से नहीं भरने का मुद्दा उठाया, वहीं ग्राम भनसुली में निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम निर्माण की गुणवत्ता सही नहीं होने व निर्माण हो रहे विलंब को लेकर नाराजगी जाहिर किया।

### भाजपा सदस्य ने कहा मीडिया से दूरी ठीक नहीं

भाजपा के सदस्य जितेन्द्र यादव ने सदन में मीडिया से दूरी के मुद्दे पर भी नाराजगी जताई। उन्होने कहा सामान्य सभा में मीडिया के प्रवेश को रोकना गलत है। गौरतलब है कि, कांग्रेस के सत्ता में सामान्य सभा के दौरान मीडियों को प्रवेश की अनुमति थी। कांग्रेस सदस्य दानेश्वर साहू ने कहा, उनके जिला पंचायत क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा कन्हारपुरी-जाताधर्रा मार्ग निर्माण का भूमि पूजन हुआ। इसमें क्षेत्र का जिला पंचायत सदस्य होने के बावजूद उन्हें नहीं बुलाया गया। इस पर विभागीय अधिकारी ने भविष्य में ऐसा नहीं होने की बात कही, उन्होंने क्षेत्र के एक गैस एजेंसी द्वारा गांवों तक सिलेंडर नहीं ले जाने की शिकायत करते मामले में कार्रवाई का मुद्दा उठाया।




### पंचायत सचिवों के तबादले पर मचा रहा बवाल

दानेश्वर ने धमधा क्षेत्र आधा दर्जन से अधिक पंचायत सचिवों का अच्छा काम के बाद भी बिना शिकायत स्थानांतरण कर दिए जाने का मामला उठाया, जिस पर जमकर बवा मचा रहा। इस पर जिला पंचायत के अधिकारी ने कहा कि, जनपद के प्रस्ताव के आधार पर यह किया गया। श्री साहू ने इस पर प्रस्ताव की कापी उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने पीएचई विभाग द्वारा दर्जनो नवीन प्वाइंट पर गर्मी गुजर जाने के बावजूद बोर खनन नहीं होने का मुद्दा उठाया। अधिकारी ने कहा कि विभाग के पास जीआई केसिंग पाइप नहीं होना कहा। कहा ऊपर से अनुमोदन नही मिला, जिसके चलते बोर खुदाई नही हुई। नाराज सदस्यों ने ठेकेदारों को जिला पंचायत के अनुमोदन पर ही भुगतान करने की बात कही। श्री साहू ने पीएचई के ईई की अनुपस्थिति व उचित जवाब नहीं मिलने पर नाराजगी जताते कार्रवाई किए जाने मांग की, वहीं सदस्य आशा विक्की मिश्रा ने पीएम आवास में निर्माण की राशि बढ़ाकर तीन लाख करने मांग की हैं।

## सभा : संविधान बचाओ रैली में शामिल हुए कांग्रेसी, राजीव भवन में हुई सभा

# भूपेश ने कहा- कांग्रेस भवन में घुसकर उपद्रव, फिर भी नहीं हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

संविधान बचाओ रैली में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार पर जमकर बरसे। दुर्ग के राजीव भवन में दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस, दुर्ग शहर कांग्रेस, भिलाई जिला कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित संविधान बचाव रैली में जिलेभर के हजारों कांग्रेसी कार्यकर्ता वह जनप्रतिनिधि पहुंचे। उन्होने पुलिसिया कार्यवाही पर सवाल उठाते हुए कई सवाल भी किए। रैली राजीव भवन से पांच कंडिल, मोती कॉम्प्लेक्स, पुराना बस स्टैंड होते हुए हिंदी भवन के सामने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रैली समाप्त हुई।

भूपेश बघेल ने कहा कि, झीरमघाटी के घटना के दौरान उनके साथ भाजपा कार्यालय के सामने युवा कांग्रेस प्रदर्शन कर रही थी, उस दौरान 11 से अधिक लोगों के उपर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर दिया, जबकि हाल ही में भाजपा के कार्यकर्ता कांग्रेस भवन में घुसकर कुर्सी तोडफोड और जमकर उपद्रव किए, इसके बाद भी उन पर कोई कार्यवाही नही की गई। उन्होने कहा नेताओं के इशारे पर कानून चलेगी क्या।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा जिनका देश की आजादी प्रदेश के निर्माण में कोई योगदान नहीं वह संविधान बदलने की बात करते हैं। केंद्र में बैठी सरकार जनता के विपरीत कार्य कर रही है, संविधान के विपरीत कार्य कर रही है। संविधान के तीन अंग विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका है, इनको निष्पक्षता से कार्य करने की आजादी देश का संविधान देता है, लेकिन भाजपा सरकार लोकसभा में विपक्ष के सांसदों को विधायकों को बोलने नहीं दिया जा रहा है। राज्यसभा में प्रतिपक्ष नेता मल्लिका अर्जुन खडगे के बोलने पर म्यूट कर दिया जाता है। राहुल गांधी बोलते हैं तो उनकी बातों को लिपिबद्ध नहीं किया जाता है। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व विधायक अरुण वोरा, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग शहर अध्यक्ष गया पटेल, भिलाई जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, महापौर नीरज पाल, महापौर शशि सिन्हा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अयुब खान सहित अन्य वरिष्ठ नेता व प्रतिमा चंद्राकर, शंकर लाल ताम्रकार, बदरुद्दीन कुरैशी, धर्मेंद्र यादव, आरएन वर्मा, अल्ताफ अहमद, जितेंद्र साहू, दीपक दुबे, धीरज बाकलीवाल, अश्वनी साहू, राजेश यादव , मदन जैन, राजकुमार नारायणी, बृजमोहन सिंह सहित अन्य थे।

**शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गांधी प्रतिमा पर रैली हुई समाप्त**




### छापे में कुछ भी नहीं मिला ईडी का गलत उपयोग

श्री बघेल ने कहा केंद्र सरकार सरकारी तंत्रों का ईडी सीबीआई आईटी जैसी संस्था का दुरुपयोग कर रही है, उन्होंने कहा कांग्रेस के नेताओं पर मुझ पर और देवेंद्र यादव वन्य कार्यकर्ताओं पर सैकड़ो छापे मारे ना मेरे यहां कुछ मिला ना देवेंद्र यादव के यहां न अन्य कांग्रेसी के यहां। इन्हें मालूम नहीं हम महात्मा गांधी के मानने वाले हैं, जो पहले अंग्रेजों से लड़ने में नहीं डरे तो हम अब इनसे क्या डरेंगे। प्रदेश में शिक्षकों का पद समाप्त किया जा रहा है। स्कूल बंद कर रहे, नए रोजगार बंद और बेरोजगारी बढ रही है। भाजपा के शासन से किसान, व्यापारी, छात्र आमजन सभी वर्ग परेशान है।



### संविधान बदले जाने का विरोध करेगी कांग्रेस

पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा देश को मोदी और अमित शाह अपने मुताबिक चलना चाह रहे हैं, ये निर्वाचन आयोग से लेकर सभी प्रमुख एजेंसी की नियुक्ति खुद करते हैं। देश के ज्यादातर दलों ने मतपत्र से चुनाव की मांग की गई तो भी ईव्हीएम से ही चुनाव करते है। जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा भाजपा सरकार अपने और अपने उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने कानूनी नियम बदल देती है। जब से प्रदेश में भाजपा सरकार बनी है, उद्योगपतियों को खनिज खदान देने के लिए हसदेव के जंगलों की कटाई शुरू कर देते हैं। विरोध करने पर जेल में डाल देती है। मनरेगा को षड्यंत्रपूर्वक बंद करने का प्रयास किया जा रहा है। अगर संविधान से छेड़छाड़ करेंगे तो कांग्रेस विरोध करेगी।

# उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों की पड़ताल, देनी होगी सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले में कार्यरत सभी औद्योगिक संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों की पडताल की जाएगी। उन्हें संबंधित पुलिस थाने में जानकारी देने के निर्देश दिए गए है। जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर कार्यवाही करेगी।

- विशेष शाखा में संस्थानों को देनी होगी सूचना

जिले में बड़ी संख्या में औद्योगिक संस्थान है तथा भिलाई स्टील संयंत्र जैसा सामरिक एवं राष्ट्रीय महत्व का सार्वजनिक उपक्रम है इसके अलवा संवेदनशील कार्यो से जुड़े अनेक उपक्रम है जो रक्षा मंत्रालय, रेल मंत्रालय एवं अन्य विभागों के लिए संवेदनशील सामग्री एवं उपकरण का निर्माण करते हैं। इन प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु इनमें कार्यरत कर्मचारियों का पूर्व चरित्र सत्यापन तथा इन उद्योगों में काम करने वाले अस्थाई एवं संविदा पर कार्य करने वाले प्रत्येक कर्मचारी का विवरण होना सुरक्षा के लिहाज से अति आवश्यक है, को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने इस सभी उद्योगों को जितने भी ठेके के एवं आउटसोर्सिंग के माध्यम से काम करने वाले ठेकेदारों को अपने कामगारों की जानकारी जिला विशेष शाखा दुर्ग को उपलब्ध कराने निर्देशित किया है। ताकि उनका चरित्र सत्यापन एवं वेरिफिकेशन कराया जा सके।

### विशेष शाखा में देनी होगी सूचना

कलेक्टर ने दुर्ग, भिलाई, रिसाली, भिलाई-चरोदा, कुम्हारी, जामुल व निकटवर्ती नगरीय क्षेत्रों व नगर बाह्य क्षेत्रों के लिए पारित आदेश के अनुसार सभी उद्योग, कंपनी के मालिक, ठेकेदार या आउटसोर्सिंग ठेकेदार, प्लेसमेंट एजेंसी के संचालक अपने संस्था में कार्यरत कर्मचारियों, मजदूरों की सूचना, पहचान संबंधी जानकारी, मूल पते की जानकारी अनिवार्य रूप से संधारित करेंगे। कोई भी उद्योग, कंपनी के मालिक, ठेकेदार या आउटसोर्सिंग ठेकेदार, एजेंसी के संचालक पुलिस नियंत्रण कक्ष सेक्टर-6 भिलाई जिला दुर्ग को प्रस्तुत करेंगे। सभी कार्यरत कर्मचारियों, मजदूरों का नाम, पता, मोबाईल नंबर, पहचान क्रमांक, नियुक्ति की तिथि, पदनाम, विभाग, कार्य की प्रकृति सभी उद्योग अनिवार्य रूप से दर्ज करेंगे तथा जिला विशेष शाखा दुर्ग को दी गई सूचना में इसका उल्लेख अनिवार्यतः करेंगे। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अधीन दण्डनीय अपराध होगा, यह आदेश 1 जून 2025 से 2 माह की अवधि के लिए प्रभावशाली होगा।

# केलाबाड़ी वार्ड में 21 लोगों के कब्जे पर चली जेसीबी



**दुर्ग।** शहर के केलावाडी वार्ड में निगम प्रशासन द्वारा दो दर्जन से अधिक लोगों के घरो के सामने अवैध तरीके से बने सीढियों पर जेसीबी चलाई गई। नगर निगम का अतिक्रमण अमले के इस कार्यवाही से वार्ड में हडकंप की स्थिति निर्मित रही।

सोमवार को अतिक्रमण अमले द्वारा केलाबाड़ी देवांगन किराना स्टोर्स से लेकर गायकवाड गली तक घर के बाहर सड़क सीमा से अधिक 21 लोगो के सीढियों को तोड़कर अभियान चलाकर गालियों को अतिक्रमण मुक्त किया। केलाबाड़ी में कार्रवाही के दौरान मजिस्ट्रेट ढाल सिंह बिसेन, उपअभियंता उमयंती ठाकुर, अतिक्रमण प्रभारी परमेश्वर के अलावा पद्मनाभपुर थाना पुलिस बल मौजूद रहें। सीढ़ियों को हटाने की कार्यवाही के दौरान हिदायत दी गई। उल्लेखनीय है कि, निगमायुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा नागरिकों की सुगम यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए शहर नगर के मोहल्ले,गलियो सहित मुख्य एवं सार्वजनिक मार्गो में अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों पर अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों के परिपालन में निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा रोजाना अभियान चलाकर सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण कर यातायात बाधित अतिक्रमण को

# कार्यशाला : हिंदी प्रतियोगिता के विजेताओं को मिले पुरस्कार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएण्डआईटी विभाग के सभागार में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विभाग प्रमुख समीर गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक थे। महाप्रबंधक व विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी संदीप झा ने विभागीय प्रतिवेदन में विभागीय गतिविधियों की जानकार दी। मुख्य अतिथि ने कहा कि हिंदी को प्रोत्साहन तथा कार्यालयीन कामकाज में हिंदी का प्रयोग हमारा राष्ट्रीय दायित्व है, इसके लिए विभाग में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में महाप्रबंधक नीना जायसवाल, सुमिता डे, अरुण कोटनीस, अजय सचदेव, त्रिवेन्द्र कुमार, धर्मेन्द्र कुमार गौतम, सर्वाणी दास, शिवानी जत्रेले, मंजू जेकब, उप महाप्रबंधक निधि चन्द्राकर, सुश्री दीपमाला, सहायक महाप्रबंधकगण जितेन्द्र मीणा, सुश्री नम्रता ज़ेफ्रिन, रितेश अवधिया, तेजकरन सिंह हंस, वरिष्ठ प्रबंधकगण आदित्य दुबे, मोहम्मद सलीम कुरैशी, शादमा खान, सरिता सहारे, सहायक प्रबंधक सुजाता पाटिल, कनिष्ठ प्रबंधक विक्रम सिंह यादव, जूनियर इंजीनियर सौमित्र विश्वास, सुकला सिंह आदि उपस्थित थे। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी, ने ऑनलाइन वोइस टाइपिंग प्रदर्शन किया । हिंदी भाषा में प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसके विजेता रहे :- प्रथम- जूनियर इंजीनियर राजीव सिंघई, द्वितीय- वरिष्ठ प्रबंधक इरफ़ान सिद्दीकी और तृतीय- महाप्रबंधक त्रिवेंद्र कुमार।



# ड्राइवरों का अल्टीमेटमः शीघ्र करें शराबबंदी वरना छोड़ देंगे स्टेयरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

बीते कुछ वर्षो से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे ड्राईवर महासंगठन के लोगों ने आज कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराबबंदी करने की मांग की है।

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे ड्राईवर महासंगठन के लोगों ने ज्ञापन के माध्यम से अपनी विभिन्न मांगों से अवगत कराया है। छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन द्वारा कहा गया है कि उक्त मांगे आगामी 1 अक्टूबर तक पूर्ण नहीं किया जाता है तो 25 अक्टूबर से 05 नवंबर तक 11 दिवसीय स्टेरिंग छोड़ अभियान चलाया जाएगा।



### वेलफेयर बोर्ड बनाने की मांग

ड्राईवर महासंगठन के लोगों ने प्रधानमंत्री, सड़क परिवहन मंत्री और मुख्यमंत्री से मांग करते हैं। वाहन चालकों की सुरक्षा हेतु कठोर कानून एवं वाहन चालक के आर्थिक संरचना हेतु चालक वेलफेयर बोर्ड का गठन करने मांग की है।

### सड़क पर दुर्व्यवहार

छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन के जिला अध्यक्ष हेमनाथ देवांगन ने कहा है कि वाहन चालकों को जागरूक करके यातायात नियमों के अधीन रहकर वाहन चलाने के लिए संगठन द्वारा प्रेरित किया जाता है। वहीं दूसरी ओर सड़क पर वाहन चालकों के साथ मारपीट, गाली-गलौज, लूटपाट जैसी कई घटनाएं हो रही है। जिसका मुख्य कारण शराब है। जिससे वाहन चालक परेशान हैं। शराबबंदी से अन्य लोगों द्वारा शराब सेवन कर वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटना भी नहीं होगी।

बीते कुछ समय से अपने अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करते हुए समय-समय पर आंदोलन कर रहे वाहन चालकों ने आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में बढ़ते नशे के मामले को देखते हुए पूर्ण शराबबंदी की मांग की है। इसके अलावा अपने ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने वाहन चालकों के लिए ड्राईवर आयोग एवं ड्राईवर वेलफेयर बोर्ड का गठन करने की मांग दोहराई है।

ड्राईवरों का किया समर्थन- वाहन चालकों की मांग का समर्थन करने पहुंचे जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अध्यक्ष मनीष देवांगन ने कहा कि वाहन चालक अपने आंदोलन के माध्यम से 21 अक्टूबर 2024 और 19 मार्च 2025 को रख चुके है, जिस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## पेज 9 के शेष

### बेमेतरा में दो ...

विधायक श्री साहू ने इस अवसर पर कहा कि आम बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सभी को प्रिय है। बेमेतरा में इस तरह का आयोजन हमारे किसानों की जागरूकता और मेहनत को दर्शाता है। आम महोत्सव से युवाओं को विभिन्न प्रजातियों के बारे में जानने और समझने का अवसर मिलेगा। यहाँ अच्छी किस्म के आम पौधे उपलब्ध हैं, जिनकी बिक्री भी की जा रही है।उन्होंने इसके लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।

### समय-सीमा बैठक में ...

अधिकारियों से कहा कि वे विद्युत विभाग से निरंतर संपर्क में रहें और बिलों का जल्द भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिया कि वे लगातार अनुगमन करते रहें। कलेक्टर ने कहा कि नवभारत साक्षरता कार्यक्रम (उल्लास) की बैठक 9 जून को रखी जाएगी। सभी अधिकारी उसमें शामिल होकर इस अभियान को और प्रभावी बनाने पर विचार करें। इसके अलावा, कलेक्टर श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की और कहा कि सभी विभाग इस दिशा में तेज़ी से काम करें। सभी घोषणाओं को यथाशीघ्र अमल में लाया जाए। **ये रहे उपस्थित:** बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे ।

### कृषकों ने मुआवजा राशि दिलाने जनदर्शन में की मांग

**दुर्ग।** जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 121 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम सांकरा के प्रगतिशील कृषकों ने क्षतिपूर्ति की राशि प्रदान करने आवेदन दिया। एक मई को जिले में आये आंधीतुफान से फसल, केला, कटहल, पॉलीहाउस को नुकसान हो गया। जिसका मौका जांच हल्का पटवारी व उद्यानिकी विभाग की टीम द्वारा किया गया था। किंतु रिपोर्ट तहसीलदार पाटन को नही सौंपा गया है। कृषकों ने आरबी 6-4 के तहत फसल क्षतिपूर्ति राशि शीघ्र दिलाने की मांग की। ग्राम बड़े पुरदा, तहसील बोरी निवासी ने बताया कि, उनकी 6 वर्षीय मानसिक रूप से कमजोर बेटी का इलाज पिछले 4 वर्षों से एम्स रायपुर में चल रहा है।

# ओए ने सेवानिवृत्तों के योगदान को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा मई महीने में सेवानिवृत्त अधिकारियों के दीर्घ सेवा और उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन प्रगति भवन, सिविक सेंटर आयोजित हुआ। में किया गया। समारोह मे सेफी चेयरमेन व ओए अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह सहित कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, सचिव संजय तिवारी, जेपी शर्मा उपस्थित थे।

कार्यक्रम में सीजीएम अनिल कुमार जोशी, जीएम (माइंस) एसपी मंडावी, एडिश्नल सीएमओ डॉ. शाईला जेकब, एस बलराज, जीएम जॉनी कुट्टी टी, सुंदर मोहन सरदार, अंजन चटर्जी, डीजीएम डॉ. निरंजन साहू, डिप्टी सीएमओ जयश्री मोहंती, सीनियर डिप्टी डायरेक्टर अनिल कुमार सिंह, एजीएम युगल किशोर ढोके, रामअवतार मारकंडे, शादाब आलम खान, सीनियर मैनेजर डॉ. गणेश के मंतापुरवर, स्पेशलिस्ट गीता पिल्लई, सीनियर मैनेजर कामता सिंह, सुदर्शन लाल तामुरकर, मैनेजर गुहाराम उके, आनंद कुमार वर्मा, एस मनोज कुमार का सम्मान किया गया। सभी को श्री बंछोर ने पौधे व सम्मान राशि भेंटकर सम्मानित किया। पौधे एवं सम्मान राशि प्रदान कर किया सम्मानित किया। स

`वानिवृत्तों ने अपने सेवा काल के अविस्मरणीय अनुभवों को साझा किया। श्री बंछोर ने उद्बबोदन में सेवानिवृत्ति अधिकारियों के स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि बीएसपी द्वारा जो उपलब्धियां हासिल की थी उनको को हासिल करने में आप जैसे कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों का अहम योगदान है। कार्यक्रम में परविंदर सिंह आभार प्रदर्शन व संचालन ओए जोनल प्रतिनिधि जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने किया। इस अवसर पर जोनल प्रतिनिधि प्रदीप मेनन, निखिल पेठे, विजय कुमार देशमुख, मिलिंद कुमार बंसोड़, डीपीएस बरार, एमआरए शरीफ, बीएस मान, शैलेश कुमार मालवीय सहित बड़ी संख्या में अधिकारी गण उपस्थित थे।




### पांच लाख रुपए से देवबलौदा में भवन का संधारण

**भिलाई।** भवन संधारण के लिए पांच लाख रुपए का विकास कार्यो का भूमिपूजन देवबलोदा में पार्षद भारती राम सूर्यवंशी ने किया है। इस दौरान रविवार को मिडिल स्कूल देवबलोदा में भवन संधारण (मरम्मत) कार्य के लिए और स्कूल ग्राउंड में चेकर पत्थर लगाने नारियल फोड़ भूमिपूजन किया गया। पार्षद भारती राम सूर्यवंशी ने कहा कि जनता के सुविधाओं के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। लंबे समय समय से उक्त भवन जर्जर पड़ा हुआ था। जिसके संधारण के लिए प्रयासरत थी। भूमिपूजन में प्रदेशा सचिव असंगठित ठेका मजदूर कांग्रेस राम कुमार सूर्यवंशी ,शिवकुमारी यादव, विशाल चंद्राकर और स्कूली शिक्षक, शिक्षिकाएं व ग्रामीण मौजूद थे।

# महेश नवमी
## की हार्दिक शुभकामनाएं...



महेश नवमी हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित है। ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को महेश नवमी मनाया जाता है। आइए इस लेख में महेश नवमी की सही तारीख, शुभ योग, मुहूर्त और पूजा विधि के बारे में जानते हैं। महेश नवमी हिंदू धर्म का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और पावन पर्व है, जो देवों के देव भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य स्वरूप को समर्पित है। यह त्योहार मुख्य रूप से माहेश्वरी समुदाय द्वारा बड़े ही उत्साह, श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति हुई थी, इसलिए यह पर्व उनके लिए विशेष महत्व रखता है और इसे अपने पूर्वजों और संस्कृति से जुड़ने का दिन माना जाता है। ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाए जाने वाला यह पावन पर्व, शिव भक्तों के लिए सुख, समृद्धि और शांति की प्राप्ति का अवसर लेकर आता है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है, जिससे परिवार में खुशहाली बनी रहती है और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। माहेश्वरी समुदाय इस दिन शोभायात्राएं निकालते हैं, धार्मिक अनुष्ठान करते हैं और समाज सेवा के कार्य भी करते हैं, जो इस पर्व के आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व को और भी बढ़ा देता है। आइए इस लेख में महेश नवमी 2025 की सही तारीख, शुभ योग, मुहूर्त और पूजा विधि के बारे में जानते हैं।

**महेश नवमी 2025 की तिथि और समय -** हिंदू पंचांग के अनुसार, महेश नवमी ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है। इस साल महेश नवमी 4 जून 2025, बुधवार को मनाई जाएगी। नवमी तिथि 3 जून 2025 को रात 9:56 बजे शुरू होगी और 4 जून 2025 को रात 11:54 बजे समाप्त होगी। उदयातिथि के आधार पर, यह पर्व 4 जून को ही मनाया जाएगा। इस दिन रवि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग बन रहा है, जो पूजा और धार्मिक कार्यों के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है।

**महेश नवमी का शुभ मुहूर्त -** महेश नवमी पर पूजा के लिए सबसे शुभ समय ब्रह्म मुहूर्त में माना जाता है। 4 जून 2025 को ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:02 बजे से 4:43 बजे तक रहेगा। इस समय भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। **पूजा विधि -** महेश नवमी के दिन सुबह जल्दी उठें और स्नान करें। स्वच्छ वस्त्र पहनकर पूजा स्थल को गंगाजल से शुद्ध करें। एक चौकी पर लाल या पीला कपड़ा बिछाकर भगवान शिव, माता पार्वती और गणेश जी की मूर्ति या चित्र स्थापित करें। सबसे पहले गणेश जी की पूजा करें, फिर शिवलिंग को जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और फूल अर्पित करें। माता पार्वती को सोलह श्रृंगार की वस्तुएं चढ़ाएं। ॐ नमः शिवाय मंत्र का 108 बार जाप करें। इसके बाद महेश नवमी की कथा सुनें और भगवान को खीर या फल का भोग लगाएं। इस दिन रुद्राभिषेक करना भी शुभ माना जाता है। अंत में शिव-पार्वती की आरती करें और प्रसाद वितरित करें।

**महेश नवमी का महत्व -** महेश नवमी का पर्व माहेश्वरी समुदाय के लिए विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव ने माहेश्वरी समुदाय के पूर्वजों को आशीर्वाद दिया था। यह पर्व सुख और समृद्धि का प्रतीक है। भगवान शिव और माता पार्वती की कृपा से भक्तों के जीवन में शांति और सफलता आती है। यह पर्व एकता और भक्ति का संदेश भी देता है।




























## खबर संक्षेप

### विशेष स्वास्थ्य मेला का आयोजन आज

**कवर्धा।** राज्य शासन के निर्देश एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 4 जून 2025 को 'दाई-ववा दिवस' का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन प्रत्येक बुधवार को आयोजित होने वाले साप्ताहिक हेल्थ मेले के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बुजुर्गों के स्वास्थ्य की समुचित देखभाल सुनिश्चित करना तथा समुदाय स्तर पर उनके सम्मान एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर सभी विकासखण्डों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्तर पर हेल्थ मेलों का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए आवश्यक तैयारियों के निर्देश संबंधित अधिकारियों को पूर्व में जारी कर दिए गए हैं। विकासखण्ड बोड़ला में भी विशेष रूप से वृद्धजनों हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष दाई-ववा दिवस की थीम "हमारे बुजुर्ग, हमारी धरोहर" निर्धारित की गई है। आयोजन को प्रभावशाली बनाने हेतु सीएचओ, महिला एवं पुरुष स्वास्थ्य संयोजक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा मितानिनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

### प्री पॉलीटेक्निक टेस्ट के परिणाम घोषित

**कवर्धा।** व्यापमं ने एक मई को प्री पॉलीटेक्निक टेस्ट (पीपीटी) लिया था। इस प्रवेश परीक्षा के परिणाम व्यापमं की वेबसाइट में अपलोड कर किया गया है। विभागीय जानकारी के मुताबिक व्यापमं की वेबसाइट पर सभी उपस्थित परीक्षार्थी का परीक्षा परिणाम उपलब्ध है। अभ्यर्थी प्रोफाइल में लॉगिन कर परीक्षा परिणाम देख सकते हैं।

### 7 जून तक मनाया जाएगा चावल उत्सव

**कवर्धा।** जिले में 7 जून तक चावल उत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान राशनकार्डधारी परिवारों को जून, जुलाई व अगस्त तीनों माह का चावल एकमुश्त वितरण किया जाएगा। सभी उचित मूल्य दुकान से चावल का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर दुकानों में वितरण संबंधित जानकारी का प्रदर्शन अनिवार्य किया गया है। सभी हितग्राहियों को ई-पॉस मशीन से बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण के बाद ही चावल दिया जाएगा।

### पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन 10 जून तक

**कवर्धा।** शासकीय स्कूलों में कार्यरत सहायक शिक्षकों एवं छत्तीसगढ़ के मूल निवासी खिलाड़ियों के लिए शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में बीपीएड व डीपीएड पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण के लिए प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों से 10 जून 2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। जिन सहायक शिक्षकों की रूचि विभागीय प्रशिक्षण (बीपीएड अथवा डीपीएड) प्राप्त करने में है, वे अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में अपने कार्यालय प्रमुख के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए, जिला शिक्षा अधिकारी, कार्यालय में 10 जून तक जमा कर सकते हैं।

### टैलेंट शो के ऑडिशन में अद्विका रावत को मिला फर्स्ट रैंक

**कवर्धा।** हुनर की खोज द टैलेंट शो में अद्विका रावत ने एक बार फिर कमाल कर दिखाया है। 8 साल की अद्विका नगर में आयोजित सिंगिंग ऑडिशन के जूनियर वर्ग में पहले स्थान पर रहीं। कड़ी स्पर्धा के बीच अद्विका की सुरीली प्रस्तुति को खूब सराहा गया। साल भर पहले ही नन्हीं गायिका ने इमरांस सुपर मेलोडियस वॉइस ऑनलाइन सिंगिंग कॉम्पिटिशन में फर्स्ट प्राइज रैंक हासिल किया था। इस बार अद्विका लाइव प्रस्तुति के लिए अपना बेस्ट देने पहले ही तैयारी में लग गई थी। ऑडिशन के दौरान ऑडियंस में तालियों की गड़गड़ाहट से ही विनिंग परफॉर्मेंस के झलक दिख गये थे। ऑडिशन में सलेक्ट होने के बाद अद्विका आगामी 8 जून को शो के मेगा ऑडिशन में अपना परफॉर्म करेंगी।

छप्पर उड़ने के एक साल बाद भी मरम्मत नहीं, शिक्षा विभाग और भाजपा पर कांग्रेस का तीखा हमला

# शिक्षा व्यवस्था पर करारा तमाचाः स्कूलों के छप्पर उजड़े एक साल, कांग्रेस ने बरसी मना कर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय स्थित दो ऐतिहासिक स्कूलों शताब्दी स्कूल (सीनियर बेसिक स्कूल) और स्वामी आत्मानंद स्मृति कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला के छप्पर उजड़ने की घटना को एक वर्ष पूरे हो गए हैं।

- यह भवन नहीं, शिक्षा के मंदिर हैं, जिन्हें नजरअंदाज किया गयाः आशीष छाबड़ा

इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी ने इन स्कूलों की बरसी मनाकर एक अनूठे और सशक्त तरीके से शिक्षा विभाग और सत्ता पक्ष की निष्क्रियता के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने किया। उन्होंने इस मौके पर जिले के सभी पत्रकारों, कांग्रेस पार्षदों और गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया और सभी को साथ लेकर स्कूलों की वर्तमान बदहाली का निरीक्षण किया।

**छप्पर उड़ने के बाद भी नहीं हुई सुधः** गौरतलब है कि पिछले वर्ष आई तेज़ तूफानी हवाओं में इन दोनों स्कूलों के छप्पर पूरी तरह से उड़ गए थे। उस समय कांग्रेस और एनएसयूआई ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव कर छत की मरम्मत की मांग की थी।



बावजूद इसके, आज तक न तो मरम्मत का कार्य शुरू हुआ और न ही कोई ठोस पहल की गई। इन दोनों स्कूलों से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित है जिला शिक्षा अधिकारी का कार्यालय, जहां शिक्षा विभाग के अधिकारी प्रतिदिन आते-जाते हैं। फिर भी, स्कूलों की दुर्दशा को लगातार नजरअंदाज किया गया।

### कमीशनखोरी ने उजाड़े शिक्षा के मंदिर-छाबड़ा

इस अवसर पर पूर्व विधायक छाबड़ा ने कहा कि इन स्कूलों की हालत देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि शिक्षा विभाग और भाजपा के जनप्रतिनिधियों को बच्चों की पढ़ाई से ज्यादा चिंता कमीशनखोरी की है। वर्षों पुराने इन स्कूलों से हजारों विद्यार्थियों की भावनाएं जुड़ी हैं। शताब्दी स्कूल और आदर्श कन्या स्कूल जैसे संस्थान केवल भवन नहीं, बल्कि शिक्षा के ऐतिहासिक केंद्र हैं। लेकिन आज ये खंडहर बनते जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि आदर्श कन्या स्कूल में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नामों की शिलापट्टियां लगी हैं। ऐसे ऐतिहासिक महत्व के स्थलों की अनदेखी न केवल शिक्षा का अपमान है, बल्कि जिले के गौरव के साथ भी अन्याय है।

### करोड़ों खर्च, लेकिन बच्चों के लिए नहीं बजट

पूर्व विधायक ने कहा कि जहां एक ओर आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए महंगे खिलौनों पर अनावश्यक खर्च किया जा रहा है, वहीं जिला खनिज न्यास मद से 90 लाख रुपए केवल एक महीने की कोचिंग पर खर्च किए जा रहे हैं। जब कोचिंग क्लासेस के लिए इतना पैसा है, तो फिर स्कूल की छत के लिए क्यों नहीं? – छाबड़ा का सवाल था।

### शिक्षा विभाग और भाजपा को घेरा

पूर्व विधायक ने स्पष्ट रूप से भाजपा और शिक्षा अधिकारियों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अगर डीईओ ऑफिस के सामने मौजूद स्कूलों की हालत इनकी आंखें नहीं खोल सकीं, तो यह साफ है कि सरकार की प्राथमिकता में गरीब और मध्यमवर्गीय बच्चों की पढ़ाई नहीं है।

# चावल उत्सव तिहार 1 से 7 जून तक नगर पालिका क्षेत्र में शुरू

**बेमेतरा।** राज्य सरकार ने चांवल उत्सव तिहार 1 जून से 7 जून तक चला रही जिसमें नगर पालिका क्षेत्र के सभी राशन दुकानों में सभी हितग्राही तीन महीनें जून जुलाई अगस्त का निःशुल्क चांवल एक साथ ले सकते हैं। नगर पालिका के अध्यक्ष विजय सिन्हा व खाद्य विभाग के सभापति एवं वार्ड 11 के पार्षद विकास तंबोली ने पालिका क्षेत्र के सभी हितग्राहियों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में राशन दुकान पहुँच कर राशन प्राप्त करें और चांवल उत्सव तिहार में भाग लें।

जारी बयान में तंबोली ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की गारंटी व छत्तीसगढ़ शासन की बहुत महती योजना पीडीएफ के तहत पूरे देश मे 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में चांवल पिछले 5 सालों से कोरोना काल से दे रही है जिसके परिणाम यह हुआ कि छत्तीसगढ़ सहींत पूरे देश मे कोई गरीब भूखा नहीं सोता ना ही छत्तीसगढ़ राज्य से कोई भुखमरी के कारण पलायन नहीं करता। वहीं इस देश में कांग्रेसकाल का एक दौर था जब गरीबी भुखमरी चरम सीमा थी और देश मे एक टाइम का खाना बनाने का आह्वान प्रधानमंत्री जी को करना पड़ता था लेकिन आज जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी नेतृत्व देश विकसित राष्ट्र बनने जा रहा है हर देशवासी का पेट भी भरा है पक्का मकान भी है गाँव किसान युवा महिला व्यापारी सब लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो चुकी है भारत देश की अर्थव्यवस्था आज विश्व स्तर पर 3 नम्बर की हो गई है।

### कबीर जयंती समापन समारोह 7 व 8 जून को





**रायपुर।** राष्ट्रीय संत असंगदेव जी के सानिध्य में प्रादेशिक कबीर जयंती महोत्सव व गौ ग्राम जन जागरण यात्रा का समापन 7 एवं 8 जून को राज्य के सीएम विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में होने जा रहा है। यह जानकारी देते हुए आश्रम के प्रभारी देवकर साहेब ने बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, डिप्टी सीएम अरूण साव, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी और अभनपुर क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक कथा स्थल असंग आश्रम सोनपैरी में होगा। आश्रम प्रभारी देवकर साहेब ने क्षेत्र के लोगो से आग्रह करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे।

# अनिल रजक बने तुलसी मानस प्रतिष्ठान के जिला अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर स्थित श्री राम मंदिर प्रांगण में श्री रामचरितमानस संघ एवं श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ पंजीकृत संस्थान का बैठक संपन्न हुआ बैठक के मुख्य अतिथि

- तुलसी मानस प्रतिष्ठान में विलय हुआ श्री रामचरितमानस संघ
- 3 अगस्त को मनाई जाएगी जिला स्तरीय गोस्वामी तुलसीदास जयंती

दयानंद वर्मा प्रांतीय उपाध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान, अध्यक्षता योगेश कश्यप दुर्ग जिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष लाला राम लोधी, विशेष अतिथि पं. हरिदास वैष्णव घोटवानी, विशिष्ट अतिथि प्रांतीय सदस्य खुमान सिंह सिन्हा , संरक्षक सुभाष गोस्वामी, पं.शिवकुमार पाठक, डॉ रीझन सेन,बलराम देशमुख एवं रामजी पाठक के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

सभी अतिथियों द्वारा उद्बोधन दिया गया जिसमें सनातन संस्कृति हिंदू धर्म की रक्षा एवं रामचरितमानस कार्यक्रम की निर्मलता पवित्रता बनाए रखने के लिए एवं श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ का ख्याति लब्ध छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पंजीकृत संस्थान है जिसमें सभी सदस्य बनने के लिए संदेश सभी के द्वारा दिया गया।

बैठक में श्री रामचरितमानस संघ जो तुलसी मानस प्रतिष्ठान शासन द्वारा पंजीकृत संस्थान में विलय के लिए अनिल रजक सहित सभी पदाधिकारी द्वारा घोषणा किया गया एवं दुर्ग अध्यक्ष योगेश कश्यप द्वारा जिला अध्यक्ष पद के लिए अनिल रजक का नाम प्रस्ताव किया गया जिसमें सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से समर्थन किया गया।

### इन्हें बनाया गया कार्यकारिणी सदस्य

अन्य पदाधिकारी में कार्यकारी अध्यक्ष टोपसिंह वर्मा कोदवा, उपाध्यक्ष कौशल सिन्हा नरी, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश्वरी गोस्वामी मोहभट्ठा, कोषाध्यक्ष धनाजी राम निषाद खैरझिटी, सचिव रामकुमार साहू घोटवानी, सहसचिव दिनेंद्र साहू किरितपुर, संगठन सलाहकार रमऊ चक्रधारी खंडसरा, संरक्षक हरिदास वैष्णव घोटवानी, रीझन सेन बेमेतरा, घनश्याम सिंह ठाकुर तेंदुभाठा साजा, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में बलदेव साहू भिलौरी, बेरला तहसील अध्यक्ष पंचराम यादव बावनलाख, बेमेतरा तहसील अध्यक्ष देवराम साहू सिंघौरी चंदूराम साहू चमारी, आजू राम साहू कोसा, मदनसिंह वर्मा कोबिया उत्तम साहू चमारी, हेमूराम चंद्राकर जांता, अर्जुन चंद्राकर जांता, दालचंद साहू भिलौरी , जयलाल साहू भिलौरी, विनोद साहू भिंभौरी, आशीष साहू सण्डी ,राम किशन साहू माटरा ,नेहरू प्रसाद श्रीवास्तव, रामजी पाठक नंदलाल सोनी, संतोष साहू अशोक साहू शिक्षक सेमरिया को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया ।

### ये रहे उपस्थित

तुलसी मानस प्रतिष्ठा के बैनर तले बेमेतरा जिला स्तरीय गोस्वामी तुलसी दास जयंती 3 अगस्त को मनाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डॉ रीझन सिंह सेन द्वारा किया गया। इस अवसर पर बलदेव साहू, उत्तम साहू, रोहित कुमार साहू मरतरा, राजाराम साहू सेमरिया धनीराम साहू, झड़ुवा राम साहू, नारायण पाठक, कुलदीप पंचराम यादव,देवराम साहू बसंत साहू, लोकनाथ साहू,गणेश साहू, हरिश्चंद्र वर्मा एवं तुलसी साहू सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मोर गांव मोर पानी महा अभियान के अंतर्गत 4 दिवसीय क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वर्षा ऋतु के पूर्व अधिकतम वर्षा जल संचयन सुनिश्चित करने/"मोर गांव मोर पानी/" महा अभियान के अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों में चार दिवसीय क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 2 जून से प्रारंभ किया गया है। इस प्रशिक्षण में नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, पंचायत कर्मियों, तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जल संरक्षण संबंधी विविध पहलुओं की जानकारी दी जा रही है।



प्रशिक्षण सत्रों में ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक तथा ग्राम संगठन से चयनित दो महिलाओं को शामिल किया जा रहा है, जिसमें प्रति सत्र लगभग 100 से अधिक प्रतिभागियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को दीवाल लेखन, रैली, ग्राम चौपाल, फिल्म प्रदर्शन एवं अन्य गतिविधियों के जरिये जल संरक्षण हेतु प्रेरित किया जा रहा है। जिले की प्रत्येक पंचायत में जल शपथ दिलाई जा रही है, जिसमें मनरेगा कार्यस्थलों पर भी सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

वृक्षारोपण और जल संरचनाओं के निर्माण पर जोर, तकनीकी जानकारी से हुए प्रशिक्षित जनपद पंचायत साजा में आयोजित प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस पर प्रतिभागियों को जल संरक्षण के लिए विभिन्न तकनीकी जानकारियाँ प्रदान की गईं। विशेषकर जल संरचनाओं के निर्माण, जल पुनर्भरण हेतु /"वॉटर रिचार्ज पिट/" जैसे उपायों को अपनाने और पंचायत क्षेत्र में अधिक से अधिक वृक्षारोपण सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। जनपद पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने प्रतिभागियों को वर्षा जल को सुरक्षित कर भावी पीढ़ी के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संतोष घोसले ने स्वयं रुचि लेकर व्यापक वृक्षारोपण एवं जल संचयन की आवश्यकता पर बल देते हुए प्रतिभागियों को कम जल खपत वाली रवि फसलें अपनाने की सलाह दी।

### पौधा लगाकर उसका संरक्षण करने का लिया संकल्प

कार्यक्रम अधिकारी अरविंद कश्यप ने जल संरचनाओं के स्थल चयन, तकनीकी जानकारी एवं पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। मास्टर ट्रेनर के रूप में देवेंद्र हिरवानी एवं श्रीकांत साहू ने प्रथम दिवस, जबकि द्वितीय दिवस का सत्र वेदांत चंद्राकर एवं अजय जांगड़े द्वारा संचालित किया गया। स्वयं सहायता समूहों की आर्थिक गतिविधियों की जानकारी गिरिराज राजपूत द्वारा प्रदान की गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र साहू द्वारा सभी प्रतिभागियों को जल शपथ दिलाई गई एवं कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करने का संकल्प लिया गया।

# सरेखा में बटालियन के जवानों ने सीखे योग व प्राणायाम के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

जिला पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में सेनानी 17 वीं बटालियन विशेष वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल जिला कबीरधाम ग्राम सरेखा में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन के प्रथम दिन 17 वीं बटालियन के एसपी साहब कमलेश्वर प्रसाद चंदेल, उप सेनानी प्रमोद गुप्ता, सहायक सेनानी श्रीमती मोनिका सिंह परिहार, सेनानी बद्रीनाथ मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलित कर योग सत्र का शुभारंभ किया गया। इस तीन दिवसीय योग शिविर में पतंजलि योग समिति के जिला अध्यक्ष योगाचार्य सुरेश चंद्रवंशी द्वारा बटालियन के जवानों को न सिर्फ



शरीर को फिट रखने वाले योगाभ्यास बताए बल्कि इस भयंकर आपाधापि, दौड़ धूप वाले जीवन में शारीरिक और मानसिक संतुलन बनाकर जीवन को स्वस्थ और सुखी कैसे बनाए रखना है इसके लिए बाबा स्वामी रामदेव द्वारा बताए गए 8 प्राणायाम और आसनों के विषय में बारीकी से जानकारी दी तथा प्राणायाम सिखाए। कार्यक्रम के अंतिम दिन योगाचार्य सुरेश चंद्रवंशी को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया एवं उनके साथी महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी उमा चंद्रवंशी, महामंत्री श्रीमती ज्योति शुक्ला, योग शिक्षक हरिराम साहू एवं रमेश साहू को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

### स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बने मोहन

**छुईखदान।** एनएचएम कर्मचारी संघ की बैठक गत दिनों राजनांदगांव में संपन्न हुई। बैठक में केसीजी जिला के संविदा कर्मचारी शामिल हुए। बैठक में आगामी रणनीति एवं प्रदेश स्तरीय आंदोलन पर चर्चा किया गया। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी विभिन्न मांगों को लेकर 20 वर्षों से संघर्षरत है। वह नियमितीकरण, ग्रेड पे, मेडिकल अवकाश, स्थानांतरण नीति की मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले माह उपरोक्त मांगो को लेकर कर्मचारियों ने स्वास्थ्य भवन घेराव किया था। प्रशासन ने एक माह में उक्त मांगो को पूर्ण करने का वादा किया था किन्तु अब तक मांग पूरी नहीं हुई है। मांग पर निर्णय नहीं होने पर कर्मचारियों ने रोष व्यक्त किया।

अपर कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं, आज जनदर्शन में प्राप्त हुए 32 आवेदन

# सुशासन तिहार के बाद फिर शुरू हुआ जनदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सुशासन तिहार के सफल आयोजन के पश्चात आज से पुनः जनदर्शन कार्यक्रम की शुरुआत हो गई है। कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम का आज कलेक्टर कार्यालय स्थित दृष्टि सभा कक्ष में आयोजन किया गया। इस जनदर्शन की अध्यक्षता अपर कलेक्टर श्री डॉ. अनिल कुमार बाजपेयी ने की।

जनदर्शन में जिले के दूरदराज़ अंचलों से बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और अपनी समस्याएं व शिकायतें प्रस्तुत कीं। आज के जनदर्शन में कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें प्रमुख रूप से भूमि विवाद, सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलना, आधार व



राशन कार्ड संबंधी दिक्कतें, तथा जल, बिजली, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जुड़े मामले सम्मिलित थे।

### समस्याओं का मौके पर ही किया गया समाधानः अपर कलेक्टर

अपर कलेक्टर डॉ. बाजपेयी ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरतापूर्वक सुना और त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया। कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, वहीं गंभीर प्रकृति के मामलों को टी.एल. पंजी में दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को निश्चित समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय आवेदनों में तहसील बेमेतरा के वार्ड क्रमांक 13 ग्राम सिंघौरी निवासी श्रीमती लक्ष्नी वर्मा द्वारा अवैध बेजा कब्जा हटाने, ग्राम अमोरा निवासी रानीबाई द्वारा गली भराव और आम गली से अतिक्रमण हटाने, तथा तहसील दाढ़ी के ग्राम घोरेघाट निवासी शंभू सत्यम द्वारा बैंक कर्ज नीलाम होने के बावजूद वसूली की शिकायत प्रस्तुत की गई। इसके अलावा निराश्रित पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बैटरी चालित ट्राइसाइकिल, वृद्धावस्था एवं दिव्यांगजन पेंशन इत्यादि से संबंधित मांगें भी नागरिकों द्वारा रखी गईं।

**शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें: डॉ. बाजपेयीः** डॉ. बाजपेयी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संवेदनशीलता के साथ सभी शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें, जिससे नागरिकों का शासन-प्रशासन में विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

